भारत सरकार
संस्कृति मंत्रालय

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 1029**
उत्तर देने की तारीख 29.07.2024

**जनजातीय समुदाय की संस्कृति का संरक्षण और संवर्धन**

1029. **श्री राजकुमार रोत :**

क्या संस्कृति मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) सरकार द्वारा देश में जनजातीय समुदाय की संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन के लिए क्या प्रयास किए गए हैं और विगत पांच वर्षों के दौरान ऐसे उपायों पर राज्य-वार/वर्ष-वार और योजना-वार कितनी धनराशि व्यय की गई है;

(ख) क्या राजस्थान, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र एवं गुजरात राज्यों में भील जनजातीय समुदाय की जनसंख्या अन्य राज्यों की तुलना में अधिक है और भील समुदाय की संस्कृति के संरक्षण के लिए केन्द्र सरकार द्वारा क्या प्रयास किए गए हैं और इस संबंध में कितना बजट खर्च किया गया है और तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) क्या सरकार का विचार उपरोक्त चार राज्यों में रहने वाले भील समुदाय की संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन के लिए कोई विशेष योजना लागू करने का है और तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री
(गजेन्द्र सिंह शेखावत)

(क) और (ख): भारत सरकार द्वारा जनजातीय संस्कृति, परंपराओं और रीति-रिवाजों के संरक्षण और सुरक्षा के लिए विभिन्न कदम उठाए गए हैं। जनजातीय कार्य मंत्रालय जनजातीय अनुसंधान संस्थानों और जनजातीय अनुसंधान, सूचना, शिक्षा, संचार और कार्यक्रमों को सहायता की स्कीमें कार्यान्वित कर रहा है, जिसके तहत जनजातीय समुदायों की जनजातीय संस्कृति, अभिलेखों, कलाकृतियों, रीति-रिवाजों और परंपराओं के संरक्षण और संवर्धन के लिए विभिन्न कार्यकलाप आयोजित किए जाते हैं।

जनजातीय संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए, हॉर्नबिल महोत्सव, ऑक्टेव, जनजातीय नृत्य महोत्सव, आदि बिम्ब, आदि सप्त पल्लव, आदि लोक रंग, आदिवासी महोत्सव आदि जैसे

विभिन्न महोत्सव संस्कृति मंत्रालय के क्षेत्रीय सांस्कृतिक केंद्रों (जेडसीसी) के माध्यम से आयोजित किए जाते हैं, जिनमें लोक नृत्यों, गीतों, व्यंजनों, प्रदर्शनियों और चित्रकला, कला और शिल्प, चिकित्सा पद्धतियों आदि में पारंपरिक कौशल प्रदर्शन के अनूठे रूपों को दर्शाया जाता है।

जनजातीय अनुसंधान, सूचना, शिक्षा, संचार और कार्यक्रम (टीआरआई-ईसीई)" स्कीम के अंतर्गत, प्रतिष्ठित अनुसंधान संस्थानों/संगठनों/विश्वविद्यालयों द्वारा ऑडियो विजुअल वृत्तचित्रों सहित विभिन्न अनुसंधान अध्ययन/ पुस्तकों का प्रकाशन/दस्तावेजीकरण आदि कार्य किए गए हैं।

जनगणना 2011 के अनुसार राजस्थान, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र और गुजरात राज्यों में भील जनजातीय समुदाय की जनसंख्या राजस्थान में 42,05,657, मध्य प्रदेश में 59,96,165, महाराष्ट्र में 25,88,659 और गुजरात में 42,70,609 है।

भील समुदाय सहित जनजातीय समुदाय की संस्कृति को संरक्षित करने और संवर्धित करने के लिए, जनजातीय कलाकारों को क्षेत्रीय प्रशिक्षण केंद्रों द्वारा जनजातीय नृत्य उत्सवों, चित्रकला शिविरों, शिल्प मेलों के दौरान अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने हेतु शामिल किया जाता है, जिसके लिए उन्हें मानदेय, यात्रा भत्ता/दैनिक भत्ता, स्थानीय परिवहन, भोजन और आवास आदि के लिए भुगतान किया जाता है, ताकि वे अपनी आजीविका अर्जित करने में सक्षम हों।

विगत पांच वर्षों के दौरान 'जनजातीय अनुसंधान संस्थानों (टीआरआई) और जनजातीय अनुसंधान, सूचना, शिक्षा, संचार एवं कार्यक्रम (टीआरआई-ईसीई) हेतु सहायता' स्कीमों के अंतर्गत भील समुदाय सहित जनजातीय संस्कृति के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए जारी धनराशि का विवरण **अनुलग्नक-I** पर दिया गया है।

(ग): जनजातीय कार्य मंत्रालय के पास ऐसा कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है। तथापि, गुजरात, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र राज्यों में भील समुदाय के लिए 'टीआरआई हेतु सहायता' स्कीम के तहत कुछ परियोजनाएं शुरू की गई थीं। ऐसे प्रस्तावों का विवरण **अनुलग्नक-** में दिया गया है।

अनुलग्नक-I

'जनजातीय समुदाय की संस्कृति का संरक्षण और संवर्धन' के संबंध में दिनांक 29 जुलाई, 2024 को पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1029 के भाग (क) और (ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक

विगत 5 वर्षों के दौरान भील समुदाय सहित जनजातीय संस्कृति के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए जारी धनराशि का विवरण

'जनजातीय अनुसंधान संस्थानों (टीआरआई)' हेतु सहायता की स्कीमें

(लाख रुपये में)

| क्र. सं. | राज्य | जारी निधि | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | **2019-20** | **2020-21** | **2021-22** | **2022-23** | **2023-24** |
| 1 | आंध्र प्रदेश | 500.00 | 455.00 | 432.75 | 219.13 | 125.00 |
| 2 | अरुणाचल प्रदेश | 923.85 | 184.15 | 0.00 | 0.00 | 48.63 |
| 3 | असम | 235.64 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| 4 | छत्तीसगढ़ | 0.00 | 0.00 | 189.04 | 113.43 | 250.00 |
| 5 | गुजरात | 1719.06 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| 6 | हिमाचल प्रदेश | 68.05 | 50.00 | 114.1 | 0.00 | 0.00 |
| 7 | जम्मू और कश्मीर | 308.84 | 206.51 | 200.00 | 170.84 | 770.85 |
| 8 | झारखंड | 1654.50 | 0.00 | 13.92 | 164.96 | 417.03 |
| 9 | कर्नाटक | 185.50 | 26.35 | 184.25 | 0.00 | 0.00 |
| 10 | मध्य प्रदेश | 0.00 | 447.00 | 484.58 | 0.00 | 143.08 |
| 11 | महाराष्ट्र | 141.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| 12 | मणिपुर | 877.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| १३ | मिजोरम | 1512.00 | 1178.22 | 766.65 | 53.75 | 550.00 |
| 14 | नागालैंड | 275.00 | 0.00 | 85.00 | 205.00 | 400.00 |
| 15 | ओडिशा | 780.04 | 503.00 | 644.76 | 313.15 | 600.00 |
| 16 | राजस्थान | 0.00 | 8.89 | 215.34 | 0.00 | 0.00 |
| 17 | सिक्किम | 82.50 | 144.00 | 273.30 | 0.00 | 0.00 |
| 18 | तमिलनाडु | 0.00 | 0.00 | 135.09 | 0.00 | 25.00 |
| 19 | तेलंगाना | 557.25 | 375.75 | 548.95 | 0.00 | 0.00 |
| 20 | त्रिपुरा | 335.52 | 0.00 | 44.29 | 0.00 | 25.00 |
| 21 | उत्तर प्रदेश | 0.00 | 35.15 | 89.25 | 0.00 | 0.00 |
| 22 | पश्चिम बंगाल | 149.25 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| 23 | मेघालय | 0.00 | 0.00 | 66.22 | 0.00 | 0.00 |
| 24 | उत्तराखंड | 693.00 | 2183.48 | 1400.75 | 0.00 | 948.01 |
| 25 | गोवा | 0.00 | 202.50 | 111.75 | 0.00 | 50.57 |
| **कुल** | | **10998.00** | **6000.00** | **6000.00** | **1240.26** | **4353.17** |

**जनजातीय अनुसंधान, सूचना, शिक्षा, संचार एवं कार्यक्रम स्कीम (टीआरआई-ईसीई)**

| क्रम सं. | वर्ष | व्यय (लाख रुपए में) |
|---|---|---|
| 1 | 2019-20 | 2324.00 |
| 2 | 2020-21 | 900.00 |
| 3 | 2021-22 | 1464.00 |
| 4 | 2022-23 | 1547.00 |
| 5 | 2023-24 | 3301.00 |

अनुलग्नक-II

'जनजातीय समुदाय की संस्कृति का संरक्षण और संवर्धन' के संबंध में दिनांक 29 जुलाई, 2024 को पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1029 के भाग (ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक

भील समुदाय के लिए 'जनजातीय अनुसंधान संस्थानों हेतु सहायता' स्कीम के अंतर्गत शुरू की गई परियोजनाएं

| क्र. सं. | राज्य का नाम | वित्तीय वर्ष | परियोजना का नाम | कार्यकलाप |
|---|---|---|---|---|
| 1 | गुजरात | 2021-22 | आदिवासी स्वतंत्रता सेनानियों पर 2-3 मिनट की डॉक्यूमेंट्री फिल्म- अकाम | जनजातीय महोत्सव |
| 2 | गुजरात | 2021-22 | आदिवासी नृत्य वृत्तचित्र- अकाम | जनजातीय महोत्सव |
| 3 | गुजरात | 2018-19 | भील और राठवा जनजातियों का नृवंशविज्ञान अध्ययन | शोध एवं दस्तावेज़ीकरण |
| 5 | मध्य प्रदेश | 2021-22 | भीलों के बीच प्रचलित पहेलियों का दस्तावेजीकरण (यूएनडीपी की ओर से प्रस्ताव) | शोध एवं दस्तावेज़ीकरण |
| 6 | मध्य प्रदेश | 2020-21 | गोंड, भील और कोरकू जनजातियों पर प्राइमरों का विकास और मुद्रण | शोध एवं दस्तावेज़ीकरण |
| 7 | मध्य प्रदेश | 2020-21 | भीलों की लोककथाओं, लोकगीतों का अध्ययन | शोध एवं दस्तावेज़ीकरण |
| 8 | मध्य प्रदेश | 2019-20 | गोंड, भील और कोरकू जनजातियों पर प्राइमरों का विकास और मुद्रण | प्रशिक्षण/संगोष्ठियां/कार्यशालाएं /सम्मेलन |
| 9 | मध्य प्रदेश | 2018-19 | कार्यशाला या संगोष्ठी - भील भाषा पर प्रारंभिक पाठ | प्रशिक्षण/संगोष्ठियां/कार्यशालाएं /सम्मेलन |
| 10 | मध्य प्रदेश | 2017-18 | भीलाली शब्दकोश कार्यशाला का आयोजन | प्रशिक्षण/संगोष्ठियां/कार्यशालाएं /सम्मेलन |
| 11 | मध्य प्रदेश | 2017-18 | बाराली शब्दकोश कार्यशाला का आयोजन | प्रशिक्षण/संगोष्ठियां/कार्यशालाएं /सम्मेलन |
| 12 | महाराष्ट्र | 2018-19 | मुख्य भाषाओं में प्राइमर विकसित करना | शोध एवं दस्तावेज़ीकरण |

****